# नाम जपले घड़ी दो घड़ी जिंदगी की ना टूटे लड़ी लिरिक्स

जिंदगी की ना टूटे लड़ी,
नाम जपले घड़ी दो घड़ी,
मन की वीणा के तारो को छेड़ो,
लग जाएगी अमृत झड़ी,
नाम जपलें घड़ी दो घड़ी,
जिंदगी की ना टूटे लड़ी,
नाम जपलें घड़ी दो घड़ी।bd।

तर्ज – जिंदगी की ना टूटे लड़ी।

---

छोटी सी जिंदगानी है ये,
बहती नदियाँ का पानी है ये,
इस ब्रम्हांड इतिहास में,
चार दिन की कहानी है ये,
ये पटाखे की है फुलझड़ी,
नाम जपलें घड़ी दो घड़ी,
जिंदगी की ना टूटे लड़ी,
नाम जपलें घड़ी दो घड़ी।bd।

---

कोई आया कोई जाएगा,
कौन किसके पीछे आएगा,
तोड़ के पिंजरा पंछी चला,
जाते जाते यही गाएगा,
यहाँ सबको है अपनी पड़ी,
नाम जपलें घड़ी दो घड़ी,
जिंदगी की ना टूटे लड़ी,
नाम जपलें घड़ी दो घड़ी।bd।

---

ये कुटुंब और कबिले सभी,
साथ तेरे नहीं जायेंगे
माल दौलत खजाना कभी,
काम तेरे नहीं आयेंगे,
रह जाएगी यही सब पड़ी,
नाम जपलें घड़ी दो घड़ी,
जिंदगी की ना टूटे लड़ी,
नाम जपलें घड़ी दो घड़ी।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जिंदगी की ना टूटे लड़ी,
नाम जपले घड़ी दो घड़ी,
मन की वीणा के तारो को छेड़ो,
लग जाएगी अमृत झड़ी,
नाम जपलें घड़ी दो घड़ी,
जिंदगी की ना टूटे लड़ी,
नाम जपलें घड़ी दो घड़ी।**bd।**

**Singer – Shri Gopal Ji Bajaj**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com